(12)

कृषि विज्ञान केंद्र, मधेपुरा
बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

पत्रांक: 277/कृ.वि.केंद्र, मधेपुरा दिनांक:- 10/04/2024

16 वीं सलाहकार समिति की बैठक की कार्यवाही दिनांक 15.03.2024

आज दिनांक 15.03.2024 को कृषि विज्ञान केंद्र, मधेपुरा के प्रशिक्षण कक्ष में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की सोलहवीं बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार क्रिश्दी विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर डॉ. राजनारायण सिंह एवं निदेशक, अटारी, पटना डॉ. अंजनी कुमार ने संयुक्त रूप से की | इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, मधेपुरा के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. सुरेन्द्र चौरसिया, कृषि विज्ञान केंद्र, सहरसा के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, डॉ नित्यानंद राय एवं सुपौल के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, डॉ. मिथिलेश कुमार राय के साथ जिले के जिला कृषि पदाधिकारी, श्रीमती पूनम कुमारी, डी.डी.एम. नाबार्ड श्री अमित कुमार के साथ केंद्र के वरिष्ठ विषय वस्तु विशेषज्ञ (कीट विज्ञान), डॉ. रामं प्रकाश शर्मा, डॉ. सुनील कुमार, वि.व.वि.(पशु.वि.), श्री राहुल कुमार वर्मा, वि.व.वि. (उद्यान वि.), डॉ. आभा रानी, वि.व.वि. (गृह विज्ञान), सुश्री स्वाति कुमारी, वि.व.वि. (शस्य विज्ञान), अन्य सहकर्मी, विभाग के पदाधिकारी एवं प्रगतिशील कृषक उपस्थित थे | इस बैठक में लिए गए निर्णय एवं सुझाव निम्नलिखित हैं :-

1. केंद्र द्वारा SCSP कार्यक्रम के प्रगति आकलन हेतु प्रारूप तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय |
2. पोषाहार संबंधी कार्य के लिए नव पदस्थापित विषय वस्तु विशेषज्ञ को नामित किया जाय |
3. नैनो यूरिया की प्रभावशीलता आकलन हेतु विषय वस्तु विशेषज्ञ (शस्य) द्वारा OFT बनाया जाय |
4. स्थानीय पलेवा (Local Mulch) से आम फसल पर On station Trail किया जाय |
5. हाइड्रोफोनिक फोडर का कल्चर खुले क्यारी में करके देखा जाय |
6. 5000 से अधिक आम के पौध तैयार करें |
7. जुट की नई प्रभेद जिसके रेशे की गुणवत्ता उच्च क्वालिटी की हो का परिक्षण किया जाय |
8. जिले में अंजीर की खेती की संभावना का परिक्षण किया जाय |
9. मिलेट की खेती को और बढ़ाया जाय तथा इसके विभिन्न उत्पादन तैयार कर प्रचारित एवं प्रसारित करें |
10. बायोफोर्टीफाईड किस्मों एवं श्री अन्न को बढ़ावा दिया जाय |
11. SCSP में मिलेट का प्रोसेसिंग गुप में करवाएं तथा प्रोसेसिंग तकनीकि एवं मशीन के लिए मिलेट इंस्टिट्यूट, हैदराबाद से संपर्क करें |

अंत में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई |

धन्यवाद !

(हस्ताक्षर) 10/4/24

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केंद्र, मधेपुरा

प्रतिलिपि:- निदेशक, अटारी, पटना / निदेशक प्रसार शिक्षा / सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बि.कृ.वि.वि, सबौर, भागलपुर / जिला कृषि पदाधिकारी, मधेपुरा को सूचनार्थ प्रेषित |